**प्रेस विज्ञप्ति**

# आईआईटी मंडी का 5 अक्तूबर 2019 को 7 वां दीक्षांत समारोह

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने 5 अक्तूबर 2019 को 7वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया है। इस अवसर पर भारत फोर्ज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद्मभूषण श्री बाबा साहब नीलकंठ कल्याणी मुख्य अतिथि होंगे। आईआईटी मंडी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष श्री सुबोध भार्गव और संस्थान के निदेशक प्रो. टिमथी गोंज़ाल्विस सभा को संबोधित करेंगे।

दीक्षांत समारोह की विस्तृत जानकारी आयोजन की वेबसाइट https://www.iitmandi.ac.in/academics/convocation/7th_convocation/index.php पर उपलब्ध है।

###

## आईआईटी मंडी का परिचय

जुलाई 2009 में 97 विद्यार्थियों के पहले बैच से आरंभ कर आज आईआईटी के लिए 1,300 विद्यार्थी (300 पीएचडी, 46 एमएस रिसर्च स्कॉलर) के साथ 110 फैकल्टी, 150 लोगों का स्टाफ होना बड़ी उपलब्धि है। आईआईटी मंडी कामंद स्थित एक पूर्ण आवासीय संस्थान है जिसके 1.2 लाख वर्ग मी. का निर्माण हो गया है और 95,000 वर्गमीटर निर्माणाधीन है। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क के तहत भारतीय इंजीनियरिंग संस्थान श्रेणी की रैंकिंग–2019 में आईआईटी मंडी को 20वां रैंक दिया गया। एनआईआरएफ के आउटरीच एवं इन्क्लुसिवीटी मेट्रिक पर आईआईआईटी मंडी का सभी 23 आईआईटी में पहला स्थान है।

सन् 2010 से अब तक आईआईटी मंडी के शिक्षक 85 करोड़ रु. से अधिक के लगभग 180 प्रोजेक्ट हासिल कर चुके हैं। इनमें खास तौर से उल्लेखनीय है एडवांस्ड मटीरियल्स रिसर्च सेंटर (एएमआरसी) जिसकी 2013 में लगभग 50 करोड़ के निवेश से स्थापना की गई। इसमें मटीरियल्स के गुणों के वर्गीकरण (कैरेक्टराइजेशन) के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरण हैं। आईआईटी मंडी में शोध के लिए 'क्लास 100 क्लीन रूम' भी है जो भारत का ऐसा पहला और विश्वस्तरीय शोध केंद्र है। 2017 में भारत सरकार के जैवतकनीकी विभाग ने आईआईटी मंडी को 10 करोड़ रु. के प्रतिष्ठित फार्मर जोन टीएम प्रोजेक्ट के नेतृत्व के लिए चुना।

संस्थान का प्रोजेक्ट–प्रधान बी. टेक. पाठ्यक्रम 4 साल के डिज़ाइन और इनोवेशन स्ट्रीम पर केंद्रित है। यह संस्थान डाटा साइंस और इंजीनियरिंग में बी. टेक. कोर्स शुरू करने वाला पहला आईआईटी होगा। जर्मनी में टीयू 9 के साथ मई 2011 से आईआईटी मंडी के कई सहमति करार के तहत कार्य जारी हैं। 2013 से हर वर्ष डब्ल्यूपीआई, अमेरिका के लगभग 25 विद्यार्थी 2 डब्ल्यूपीआई शिक्षकों के साथ आईआईटी मंडी आते हैं।

सन् 2016 में आरंभ आईआईटी मंडी का कैटलिस्ट हिमाचल प्रदेश का पहला टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्युबेटर है। आईआईटी मंडी की एक अन्य पहल 'इनैबलिंग वीमेन ऑफ कामंद वैली' (ईडब्ल्यूओके) का मकसद महिलाओं को ग्रामीण स्तर के कारोबार शुरू करने के लिए कौशल प्रशिक्षण देना है।

**Media contact for IIT Mandi:**
**IIT Mandi Media Cell - mediacell@iitmandi.ac.in / Landline: 01905267832**

BhavaniGiddu - Footprint Global Communications
Cell: 9999500262 / Email: bhavani.giddu@footprintglobal.com
AkhilVaidya – Footprint Global Communications
Cell: 9882102818 / Email ID: akhil.vaidya@footprintglobal.com
PrernaRao – Footprint Global Communications
Cell: 9873879787 / Email: prerna.rao@footprintglobal.com
PalakSakhuja - Footprint Global Communications
Cell: 9582338333 / Email: palak.sakhuja@footprintglobal.com